# भारतीय रुपए का अंतरराष्ट्रीयकरण

यह एडिटोरियल 23/07/2023 को 'हिंदू बिज़िनेसलाइन' में प्रकाशित ''Will rupee trade gain currency globally?'' लेख पर आधारित है। इसमें डी-डॉलराइज़ेशन और भारतीय रुपए के अंतराष्ट्रीयकरण के बारे में चर्चा की गई है।

## प्रलिम्स के लिये:

**डी-डॉलराइज़ेशन, मुद्रा विनिमय समझौते, पूंजी खाता परिवर्तनीयता, SWIFT, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र, एकीकृत भुगतान इंटरफेस, विशेष वोस्ट्रो रुपया खाते, भारतीय रिज़र्व बैंक**

## मेन्स के लिये:

डी-डॉलराइज़ेशन से संबंधित लाभ और चुनौतियाँ

वैश्विक व्यापार में **अमेरिकी डॉलर ने लंबे समय से प्रभुत्व** बना रखा है और **विदेशी मुद्रा लेनदेन, व्यापार एवं आरक्षित होल्डिंग्स के लिये प्रमुख मुद्रा** के रूप में कार्य करता रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय **व्यापार में रुपए के उपयोग को बढ़ावा देने** के भारत के जारी रहे प्रयास **डी-डॉलराइज़ेशन (de-dollarisation) और मुद्रा विविधीकरण (currency diversification)** की दिशा में कदम का प्रतिनिधित्व करते हैं। हालाँकि इसमें चुनौतियाँ बनी हुई हैं लेकिन निर्यात वृद्धि, पूंजी खाता परिवर्तनीयता (capital account convertibility) और **निरंतर आर्थिक विकास** का संयोजन रुपए के लिये वैश्विक स्तर पर अपनी स्थिति हासिल करने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

डॉलर के प्रभुत्व को कम करने की यात्रा में **कुछ ठोस प्रयासों की आवश्यकता होगी और इसकी सफलता तेज़ी से उभरते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत के लचीलेपन और अनुकूलन क्षमता** पर निर्भर करेगी।

उन देशों की संख्या बढ़ती जा रही है जो डॉलर पर अत्यधिक निर्भरता से संबद्ध अंतर्निहित जोखिमों की पहचान कर रहे रहे हैं। इन **जोखिमों में अमेरिकी राजनीति के प्रभाव में आना, प्रतिबंध और विनिमय दर अस्थिरता जैसे जोखिम** शामिल हैं। इन चिंताओं पर एक प्रतिक्रिया के रूप में कई उभरती हुई अर्थव्यवस्थाएँ सक्रिय रूप से अपने व्यापार के डी-डॉलराइज़ेशन और अपनी मुद्रा के उपयोग में विविधता लाने के प्रयास कर रही हैं।

## मुद्रा के उपयोग के वर्तमान रुझान:

- **अंतर्राष्ट्रीय भुगतान में स्थानीय मुद्राओं का उपयोग:**
  - SWIFT डेटा संकेत देता है कि वर्ष 2013 से 2019 के बीच अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन में **स्थानीय मुद्राओं के उपयोग में वृद्धि** हुई।
- **नॉन-डॉलर-डीनॉमिनेटेड व्यापार में वृद्धि:**
  - **वर्ष 2022 का त्रिवार्षिक बैंक सर्वेक्षण** दैनिक कारोबार में डॉलर की हिस्सेदारी में मामूली वृद्धि को दर्शाता है लेकिन उभरती अर्थव्यवस्थाएँ तेज़ी से डॉलर के अतिरिक्त किसी अन्य मुद्रा मूल्य में व्यापार या नॉन-डॉलर-डीनॉमिनेटेड व्यापार (Non-Dollar-Denominated Trade) में संलग्न हो रही हैं।
- **चीन के रॅन्मन्बी का उदय:**
  - वर्ष 2022 में **चीन की मुद्रा रॅन्मन्बी (Renminbi) विश्व स्तर पर पाँचवीं सबसे अधिक कारोबार वाली मुद्रा बन गई,** जहाँ 70% से अधिक चीन-रूस व्यापार युआन और रूबल में संपन्न हुआ।
- **स्थानीय मुद्रा बॉण्ड बाज़ारों का विकास:**
  - उभरते **स्थानीय मुद्रा बॉण्ड बाज़ारों का वर्ष 2015 से 2021 के बीच व्यापक विस्तार हुआ** , जो डॉलर-मूल्य वाले परिसंपत्तियों (dollar-denominated assets) के लिये एक विकल्प पेश करते हैं।

## रुपए को मज़बूत करने के लिये भारत के प्रमुख प्रयास:

- अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (International Financial Services Centre- IFSC) **की स्थापना:**
    - **गिफ्ट सिटी (GIFT City), गुजरात में भारत का पहला IFSC** स्थापित किया गया है, जिसका **उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय लेनदेन में रुपए के उपयोग को बढ़ावा देना** है।
- **पूंजी बाज़ार का उदारीकरण:**
    - भारत ने रुपए की अपील को बढ़ाने के लिये रुपए-मूल्य वाले वित्तीय साधनों, जैसे **बॉण्ड और डेरिवेटिव्स, की उपलब्धता में वृद्धि की है।**
- **डिजिटल भुगतान प्रणाली को बढ़ावा:**
    - **यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI)** जैसी पहल ने **रुपए में डिजिटल लेनदेन की सुविधा** प्रदान की है।
    - हाल ही में फ्राँस और सिंगापुर ने UPI का सीमित उपयोग शुरू किया है।
- स्पेशल वोस्ट्रो रुपी अकाउंट (SVRAs) **की शुरुआत:**
    - भारत ने **18 देशों के अधिकृत बैंकों को बाज़ार-निर्धारित विनिमय दरों पर रुपए में भुगतान के निपटान** के लिये SVRAs खोलने की अनुमति दी है।
    - इस तंत्र का उद्देश्य कम लेन-देन लागत, अधिक मूल्य पारदर्शिता, तेज़ निपटान समय और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को समग्र रूप से बढ़ावा देना है।

## रुपए के अंतर्राष्ट्रीयकरण हेतु उपलब्ध अवसर:

- **उत्प्रेरक के रूप में निर्यात वृद्धि:**
    - **वर्ष 2030 तक भारत का 2 ट्रिलियन डॉलर का महत्त्वाकांक्षी निर्यात लक्ष्य** रुपए की अंतर्राष्ट्रीय स्थिति में सुधार लाने में योगदान कर सकता है।
- **पूर्ण पूंजी खाता परिवर्तनीयता:**
    - रुपए की पूर्ण परिवर्तनीयता हासिल करने से **अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निवेश के लिये इसका आकर्षण बढ़ेगा।**
- **सतत् आर्थिक विकास:**
    - उच्च और निरंतर आर्थिक विकास से **वैश्विक व्यापार बाज़ार में भारत की स्थिति मज़बूत होगी।**
- **अमेरिकी मौद्रिक नीति प्रभाव को कम करना:**
    - अमेरिकी डॉलर के उपयोग को कम करके विश्व के विभिन्न देश अपनी अर्थव्यवस्थाओं पर **अमेरिकी मौद्रिक नीति के प्रभाव को कम कर सकते हैं।**
- **बेहतर मौद्रिक नीति प्रभावशीलता:**
    - रुपए का अंतर्राष्ट्रीयकरण भारत की मौद्रिक नीति की **प्रभावशीलता को बढ़ा सकता है।**
    - रुपए की व्यापक अंतर्राष्ट्रीय पहुँच के साथ **भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)** मुद्रास्फीति को प्रबंधित करने और आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिये विनिमय दर को एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल कर सकता है।
    - यह **मौद्रिक स्थितियों के प्रबंधन और आर्थिक चुनौतियों सामना करने में अधिक लचीलापन** प्रदान करेगा।

## रुपए में व्यापार से संबद्ध चुनौतियाँ और सीमाएँ:

- **डॉलर पर उच्च निर्भरता:**
    - वृहत प्रयासों के बावजूद **भारतीय आयात का एक बड़ा हिस्सा (80%) अभी भी डॉलर में** होता है, जिससे डी-डॉलराइज़ेशन का प्रभाव सीमित हो जाता है।
- **गैर-परिवर्तनीय मुद्रा संबंधी चिंताएँ:**
    - रुपए की परिवर्तनीयता की कमी के कारण **भागीदार देश स्थानीय मुद्रा व्यापार में संलग्न होने में संकोच कर सकते हैं**, जिससे संभावित व्यापार चुनौतियाँ उत्पन्न हो सकती हैं।
- **बढ़ता रुपया भंडार:**
    - उपयोग के लिये पर्याप्त अवसर के बिना **भागीदार देशों के भंडार में रुपए का संचय समस्याएँ उत्पन्न कर सकता है।**
- **विनिमय दर अस्थिरता:**
    - रुपए का अंतर्राष्ट्रीयकरण इसे **विनिमय दर में वृहत अस्थिरता के जोखिम** में लाएगा।
    - रुपए के मूल्य में उतार-चढ़ाव **व्यापार प्रतिस्पर्द्धात्मकता, विदेशी निवेश प्रवाह और वित्तीय बाज़ार स्थिरता को प्रभावित** कर सकता है।
    - संभावित प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के लिये विनिमय दर जोखिमों का प्रबंधन महत्त्वपूर्ण हो जाता है।
- **पूंजी पलायन और वित्तीय स्थिरता:**
    - रूपए को अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में ले जाने से पूंजी पलायन की स्थिति भी बन सकती है, **यदि निवेशक रुपये में भरोसा खो दें या प्रतिकूल आर्थिक स्थितियों को लेकर आशंकित हों।**
    - इससे देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ सकता है, वित्तीय स्थिरता प्रभावित हो सकती है और मौद्रिक नीति प्रबंधन के लिये चुनौतियाँ उत्पन्न हो सकती हैं।
- **पूंजी नियंत्रण:**
    - भारत में **अभी भी पूंजी नियंत्रण लागू है जो विदेशियों की भारतीय बाज़ारों में निवेश और व्यापार करने की क्षमता को सीमित करता है।**
    - इन प्रतिबंधों के कारण रुपए का अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा के रूप में व्यापक रूप से उपयोग करना कठिन हो जाता है।
- **प्रतिस्पर्द्धी मुद्राएँ:**
    - रुपए को **अमेरिकी डॉलर, यूरो और येन जैसी स्थापित अंतर्राष्ट्रीय मुद्राओं से प्रतिस्पर्द्धा का सामना** करना पड़ता है, जिन्हें पहले

से व्यापक स्वीकृति और तरलता प्राप्त है।
- बाज़ार हिस्सेदारी हासिल करना और इन प्रमुख मुद्राओं को विस्थापित करना एक **महत्त्वपूर्ण चुनौती सिद्ध हो सकती है।**

## आगे की राह:

- **मुद्रा परिवर्तनीयता को सुदृढ़ करना:**
  - भारत को रुपए के लिये **पूर्ण पूंजी खाता परिवर्तनीयता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करना** चाहिये।
  - इससे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निवेश के लिये एक **व्यवहार्य मुद्रा के रूप में इसका आकर्षण बढ़ेगा।**
  - इस संबंध में **पूंजी प्रवाह को उदार बनाने और विदेशी मुद्रा नियंत्रण को सरल करने के प्रयास महत्त्वपूर्ण** सिद्ध होंगे।
- **द्विपक्षीय मुद्रा व्यवस्था को प्रोत्साहित करना:**
  - व्यापार निपटान में रुपए के उपयोग को बढ़ावा देने के लिये भागीदार देशों के साथ**द्विपक्षीय मुद्रा विनिमय समझौतों (currency swap agreements)** को किया जा सकता है।
  - इस तरह की व्यवस्था से **डॉलर पर निर्भरता कम हो सकती है और अन्य देशों के साथ मज़बूत आर्थिक संबंधों को बढ़ावा** मिल सकता है।
- **क्षेत्रीय पहलों का लाभ उठाना:**
  - भारत स्थानीय मुद्राओं में क्षेत्रीय व्यापार निपटान को बढ़ावा देने के लिये **क्षेत्र के अन्य देशों के साथ सहयोग** कर सकता है।
  - **चिआंग माई पहल बहुपक्षीयकरण (Chiang Mai Initiative Multilateralization- CMIM)** जैसी पहलों में भाग लेने से व्यापार में एशियाई मुद्राओं के उपयोग को सशक्त किया जा सकता है और डॉलर पर निर्भरता कम हो सकती है।
- **व्यापार साझेदारी में विविधता लाना:**
  - भारत को विशिष्ट देशों के साथ**आयात और निर्यात की सघनता को उचित करने के लिये अपनी व्यापार साझेदारियों में विविधता लानी चाहिये।**
  - व्यापक व्यापारिक साझेदारों के साथ जुड़ने से वैश्विक व्यापार में रुपए के उपयोग में वृद्धि के अवसर पैदा होंगे।
- **मुद्रा स्थिरता में विश्वास का निर्माण:**
  - **विवेकपूर्ण राजकोषीय एवं मौद्रिक नीतियों का प्रदर्शन करने और मुद्रा स्थिरता बनाए रखने से** अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिये एक विश्वसनीय एवं स्थिर मुद्रा के रूप में रुपए में विश्वास पैदा करने में मदद मिलेगी।

**अभ्यास प्रश्न:** भारत, वैश्विक व्यापार में रुपए की भूमिका को बढ़ाने के साथ अमेरिकी डॉलर पर अपनी निर्भरता को किस प्रकार कम कर सकता है?

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**??????????:**

**प्रश्न. हाल ही में निम्नलिखित में से किस मुद्रा को IMF के SDR बास्केट में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है? (2016)**

(a) रूबल
(b) रैंड
(c) भारतीय रुपया
(d) रॅन्मिन्बी

**उत्तर : (d)**

---

**प्रश्न. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:(2019)**

1- क्रय शक्ति समता [परचेजिंग पावर पैरिटि (PPP)] विनिमय दरों की गणना विभिन्न देशों में एक समान वस्तुओं और सेवाओं के मूल्यों की तुलना कर की जाती है।
2- PPP डॉलर के संदर्भ में भारत, विश्व की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर : (a)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rise-of-the-indian-rupee